आकाशवाणी श्री विजयपुरम

27.11.2024 समय : 1850

- सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री पर अंकुश लगाने के लिए मौजूदा कानूनों को और अधिक सख्त बनाने की जरूरत है।
- उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने आज राजनिवास में आयोजित सम्मान समारोह में भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारियों को उनके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया।
- सांसद बिष्णु पद रे ने उप–राज्यपाल से अंडमान निकोबार द्वीपसमूह किरायेदारी विनियमन, दो हजार तेईस को लागू करने का अनुरोध किया।
- बाराटांग के ओरलकच्छा फॉरेस्ट मैदान मे ज़िला परिषद कप फुटबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का फाइनल रविवार को खेला जाएगा।
- द्वीपसमूह के कुछ स्थानों पर वर्षा हुई।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री पर अंकुश लगाने के लिए मौजूदा कानूनों को ओर अधिक सख्त बनाने की जरूरत है। लोकसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि सोशल मीडिया प्रेस की स्वतंत्रता का बहुत बड़ा माध्यम है लेकिन साथ ही सोशल मीडिया में संपादकीय अंकुश की कमी के कारण अश्लील सामग्री का प्रसारण भी होता है। उन्होंने कहा कि संसद की संबंधित स्थाई समिति को इस मुद्दे पर विचार करना चाहिए और कड़े कानून बनाने चाहिए। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी नियम दो हजार इक्कीस अधिसूचित किए हैं जिनमें ओ टी टी मंचों के प्रसारकों के लिए आचार संहिता निर्धारित की गई है। आचार संहिता के अंतर्गत प्रकाशकों को ऐसी किसी सामग्री के प्रसारण की अनुमति नहीं है, जो कानूनन प्रतिबंधित है।

<><><><><><><>

भारतीय तटरक्षक ने हाल ही में नशीले पदार्थों की एक बड़ी खेप पकड़ने में सफलता हासिल की। इस सिलसिले में आज राज निवास में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारियों को उनके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया। कार्यकम में डॉर्नियर विमान के डिप्टी कमांडेंट सचिन यादव, तटरक्षक जहाज अरूणा असफ अली के बोर्डिंग ऑफिसर अमित चौहान, कमांडेंट चिराग लूथरा और उत्तम नाविक अक्षय सिंह भदौरिया को सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र और स्मारिका भेंट की गई। उप–राज्यपाल ने तटरक्षक के अधिकारियों को और लगन के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने उप–राज्यपाल से अंडमान निकोबार द्वीपसमूह किरायेदारी विनियमन, दो हजार तेईस को लागू करने का अनुरोध किया। द्वीपसमूह और देश के अन्य स्थानों पर मकान मालिकों और किरायेदारों के बीच विवाद को देखते हुए अपने पत्र में उन्होंने कहा कि मकान मालिकों और किरायेदारों दोनों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए संसद में वर्ष दो हजार तेईस में एक नया विनियमन पारित किया गया था। इस विनियमन में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में किरायेदारी के लिए मकान मालिकों और किरायेदारों दोनों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक व्यापक कानूनी ढांचा बनाया गया। सांसद ने कहा कि द्वीपसमूह में अब तक इस विनियमन को लागू नहीं किया गया है। इसे देखते हुए सांसद ने

द्वीपसमूह किरायेदारी विनियमन, दो हजार तेईस को जल्द से जल्द लागू करने के लिए आवश्यक अधिसूचना जारी करने का अनुरोध किया।

<><><><><><>

राज्य शिक्षा संस्थान द्वारा सीआईईटी–एनसीईआरटी के सहयोग से ई–सामग्री विकास पर क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन उप शिक्षा निदेशक, योजना एस सुरेश कुमार ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने सीखने के परिणामों को बढ़ाने और सीखने के अंतराल को दूर करके शिक्षा को बदलने में डिजिटल सामग्री की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। आईसीटी के प्रशिक्षण और विकास विभाग की प्रमुख प्रोफेसर इंदु कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस ढांचे में प्रौद्योगिकी और आईसीटी एकीकरण पर समर्पित अध्यायों को शामिल करने पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों के लिए सुलभ शिक्षण संसाधन के लिए दीक्षा, डी टी एच चैनल और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म के बारे में बताया। स्रोत अधिकारी डॉ. रेजाउल करीम बरभुइया और एन सी ई आर टी की संकाय सदस्य विमलेश चौधरी ने भी विशेष सत्र में प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया। इससे पहले, राज्य शिक्षा संस्थान की प्राचार्य संगीता चांद ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए इस तरह की क्षमता निर्माण पहलों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी नौ शैक्षिक अंचलों के करीब पचास प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

<><><><><><>

बाराटांग के ओरलकच्छा फॉरेस्ट मैदान मे ज़िला परिषद कप फुटबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। आज खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में राफ्टर्सक्रीक ने खट्टाखाड़ी की टीम को चार–एक से पराजित किया। दूसरे सेमीफाइनल में एक्स वाई जेड ने ओरलकच्छा बॉयस को अपने टाई ब्रेकर मैच में तीन–दो से मात दी। फाइनल मैच रविवार को शाम तीन बजे से खेला जाएगा।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप–शिक्षा अधिकारी की ओर से गैर आवासीय निशुल्क योग और खो–खो कोचिंग कक्षाएं आयोजित किया जाएगा। सीनियर सेकेण्डरी स्कूल जंगलीघाट में लड़के और लड़कियों के लिए तेईस दिसम्बर शाम तीन बजे से साढ़े चार बजे तक सभी कार्यदिवसों में कोचिंग कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। जिन बच्चों की जन्मतिथि एक जनवरी दो हजार दस या उसके बाद की है, वे इस शिविर में भाग ले सकते हैं। इस शिविर में योग ओलम्पियाड प्रतिस्पर्धात्मक पाठ्यक्रम, राष्ट्रीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता पाठ्यक्रम और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए विभिन्न आसनों की कक्षाएं ली जाएंगी। इच्छुक अभिभावक और शारीरिक शिक्षा शिक्षक अधिक जानकारी के लिए पी ई टी मोहम्मद इकबाल से फोन पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से स्कूली बच्चों और स्थानीय लोगों के लिए योग कक्षाएं आयोजित की जाएगी। यह शिविर नेताजी स्टेडियम परिसर में सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर सभी कार्य दिवसों में तीन दिसम्बर से सुबह पांच बजे से छः बजे और शाम पांच बजे से छः बजे तक चलेगी। इच्छुक प्रतिभागियों से अपना नाम नेताजी स्टेडियम के योग प्रशिक्षक के पास कल से जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><>

आर जी टी पब्लिक विद्यालय में कल विज्ञान, गणित और शिल्प कला पर प्रदर्शनी–उड़ान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप–शिक्षा निदेशक एम वी जॉली मुख्य अतिथि और गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्या अर्चना सिंह सम्माननीय अतिथि थी। मुख्य अतिथि द्वारा विद्यार्थियों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण कचरे से कंचन शीर्षक पर अपशिष्ट पदार्थों से बनाए गए नमूने थे। इसमें छात्रों ने विभिन्न विषयों में अपनी प्रतिभा और रूचि का प्रदर्शन किया, जो नई शिक्षा नीति दो हजार बीस के दिशा–निर्देशों पर आधारित थी।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग में राज्य महिला सशक्तिकरण केन्द्र के अंतर्गत अनुबंध के आधार पर लिंग विशेषज्ञ और अनुसंधान तथा प्रशिक्षण विशेषज्ञ के पदों पर भर्ती की जाएगी। चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह तीस हजार रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे आवेदन फार्म गोलघर स्थित समाज कल्याण निदेशालय में सात दिसम्बर शाम पांच बजे तक जमा कर सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों की सूची निदेशालय के सूचना पट्ट पर दर्शा दी जाएगी।

उधर, जी बी पंत अस्पताल नर्सिंग स्कूल में अंग्रेजी और कम्प्यूटर विषयों के लिए अनुबंध के आधार पर पी जी टी शिक्षकों के लिए सीधे साक्षात्कार रखा जाएगा। उम्मीदवार की आयु इक्कीस से साठ वर्ष के बीच होनी चाहिए। इच्छुक उम्मीदवार पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन फार्म ग्यारह दिसम्बर शाम तीन बजे तक स्कूल ऑफ नर्सिंग, पुरानी ओ पी डी बिल्डिंग, जी बी पंत अस्पताल में जमा कर सकते हैं। उम्मीदवारों को सीधे साक्षात्कार के लिए तेईस दिसम्बर सुबह दस बजे स्कूल ऑफ नर्सिंग, पुरानी ओ पी डी बिल्डिंग में उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ स्थानों पर वर्षा हुई। ननकौड़ी में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक इकतालीस मिलीमीटर, श्री विजयपुरम में बाईस दशमलव एक, लांग आइलैंड में ग्यारह दशमलव आठ, कार निकोबार में ग्यारह, मायाबंदर में दस और वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में आठ दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि तीस नवम्बर को द्वीपों के अधिकांश भागों में भारी वर्षा हो सकती है। खराब मौसम के चलते मछुआरों को उनतीस तारीख तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। पोर्ट ब्लेयर बंदरगाह में खतरे का संकेत नम्बर एक लगा दिया गया है।

<><><><><><><>